नाम : रोल नं० : __________ A-XI-गृह विज्ञान

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2026-27
# गृह विज्ञान
# कक्षा - 11

समय : 3:15 घण्टे पूर्णांक : 70

**निर्देश**—प्रारंभ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिये निर्धारित हैं।

**नोट**—(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 20 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 21 से 25 तक अति लघु उत्तरीय है, जिनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में लिखिये। प्रश्न संख्या 26 से 30 तक लघुउत्तरीय हैं, जिनमें से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम 60 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 31 से 34 तक विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनमें से प्रत्येक का उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखिये।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1. 'मानव पारिस्थितिकी' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस वर्ष किया गया—

(A) 1981 में (C) 1922 में

(B) 1921 में (D) 1973 में।

2. कौन-सा पर्यावरण का संघटक है—

(A) अजैविक संघटक (C) ऊर्जा संघटक

(B) जैविक संघटक (D) उपयुक्त सभी।

3. गृह विज्ञान का अध्ययन क्षेत्र है—

(A) आहार एवं पोषण (C) गृह-व्यवस्था का ज्ञान

(B) आय व्यय की व्यवस्था (D) उपयुक्त में कोई नहीं।

4. व्यक्तियों के जीवन में पायी जाने वाली भिन्नतायें ही उन्हें........ बनाती हैं।

(A) सबल (C) विशिष्ट

(B) अलग (D) इनमें से कोई नहीं।

5. मानव की कौन-सी शक्ति उसे दूसरों से श्रेष्ठ बनाती है—

(A) धन (C) बड़ा घर और अच्छे कपड़े

(B) पुश्तैनी सम्पत्ति (D) चिन्तन व विवेक।

6. व्यक्ति अपने शारीरिक स्वरूप के प्रति निम्न में से किस अवस्था में उत्साहित होता है—

(A) किशोरावस्था (C) पूर्व बाल्यावस्था

(B) शैशवावस्था (D) उत्तर बाल्यावस्था।

7. प्रत्येक व्यक्ति किस आयु में विकास की चरम सीमा पर पहुँच जाता है—

(A) 16 वर्ष (C) 21 वर्ष

(B) 19 वर्ष (D) 25 वर्ष।

8. विकास में प्रतिमानों की रहती है—

(A) स्थिरता

(B) अस्थिरता

(C) वास्तविकता

(D) इनमें से कोई नहीं।

9. प्राय: किशोर-किशोरियों में विकसित होने वाली खान-पान सम्बन्धी विकृति है—

(A) बुलिमिया

(B) ऐनोरे नर्वोसा

(C) (A) तथा (B) दोनों

(D) अनेक विकृतियाँ हो सकती हैं।

10. सम्पूर्ण स्वास्थ्य में सम्मिलित होता है—

(A) शारीरिक स्वास्थ्य

(B) सामाजिक स्वास्थ्य

(C) संवेगात्मक स्वास्थ्य

(D) उपयुक्त सभी।

11. भौतिक साधन के अन्तर्गत नहीं आते हैं—

(A) स्कूटर

(B) टेलीफोन

(C) मिक्सर

(D) मनोवृत्ति।

12. धन एक महत्वपूर्ण.......... है।

(A) क्षमता है

(B) आय है

(C) भौतिक संसाधन

(D) सहायता है।

13. संवेगों को जानने का सर्वोत्तम ढंग है—

(A) भाषा अभिव्यक्ति

(B) मुखाभिव्यक्ति

(C) हस्त लेख

(D) इनमें से कोई नहीं।

14. व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन में 'तूफान एवं तनाव' की अवस्था निम्न में से किसे कहा जाता है—

(A) बाल्यावस्था

(B) किशोरावस्था

(C) प्रौढ़ावस्था

(D) वृद्धावस्था।

15. बच्चों में............प्रक्रिया लगातार होती रहती है।

(A) वृद्धि

(B) ज्ञान

(C) सन्तुलित भोजन

(D) वृद्धि व विकास।

16. माँ के पहले पीले गाढ़े दूध को क्या कहते हैं—

(A) कोलस्ट्रम

(B) कोलेस्ट्रॉल

(C) कोलोस्टीरिया

(D) कैसीन।

17. पोषण मानव जीवन को आवश्यकता है—

(A) प्राथमिक

(B) द्वितीयक

(C) तृतीयक

(D) इनमें से कोई नहीं।

18. किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप में जानने से पहले सबसे पहला प्रभाव जो पड़ता है, वह होता है—

(A) उसके परिधानों से

(B) उसके विचारों से

(C) उसके रंगों से

(D) इनमें से कोई नहीं।

19. विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिये परिधान में विशिष्ट क्षेत्र में ........ होनी चाहिये—

(A) एक सिलाई

(B) चोर सिलाई

(C) दोहरी सिलाई

(D) कच्ची सिलाई।

20. ऊन तथा सूत के मिश्रण द्वारा बने वस्त्र को क्या कहते हैं—

(A) डेनिम (C) जूट

(B) फलालेन (D) ये सभी।

# अति लघु उत्तरीय प्रश्न

21. (क) 'पर्यावरण' का शाब्दिक अर्थ स्पष्ट कीजिये।
(ख) 'स्वयं' को समझना महत्त्वपूर्य क्यों है ?
22. (क) किशोरावस्था की सामान्य पहचान क्या है ?
(ख) 'सन्तुलित आहार' से आप क्या समझते हैं ?
23. (क) संसाधनों की मुख्य विशेषतायें बताइये।
(ख) संवेगात्मक विकास से क्या आशय है ?
24. (क) मनुष्यों में भाषा के विकास का सामान्य परिचय दीजिये।
(ख) बच्चों में अच्छे पोषण का क्या योगदान है ?
25. (क) प्रतिरक्षण से क्या आशय है ?
(ख) आप कपड़े क्यों पहनते हैं ? कारण बताइये।

# लघु उत्तरीय प्रश्न

26. (क) प्रारम्भिक बाल्यावस्था के दौरान 'स्वयं' की विशेषतायें बताइये। [2]
(ख) 'बालकों के संवेग तीव्र होते हैं'—स्पष्ट कीजिये। [2]
27. (क) संस्कृति एक किशोर की पहचान को कितना प्रभावित करती है ? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिये। [2]
(ख) 'स्वास्थ्य' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिये। [2]
28. (क) टिप्पणी लिखिये—प्राकृतिक संसाधन तथा सामुदायिक संसाधन। [2]
(ख) 'वृद्धि' एवं 'विकास' में अन्तर स्पष्ट कीजिये। [2]
29. (क) जन्म से लेकर दस वर्ष की आयु तक के क्रियात्मक विकास के क्रम का वर्णन कीजिये। [2]

(ख) शिशुओं के आहार सम्बन्धी आवश्यकताओं का उल्लेख करो। [2]

30. (क) व्यक्ति के दृष्टिकोण से वस्त्रों का क्या महत्व है ? [2]

(ख) आत्।िभिव्यक्ति में वस्त्र कैसे सहायक होते हैं ? [2]

# विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

31. गृहविज्ञान के क्षेत्र का विस्तृत विवरण प्रस्तुत कीजिये। [5]

**अथवा**

'स्वयं' शब्द से आप क्या समझते हैं ? समझाइये। उदाहरण देकर इसके विभिन्न आयामों का वर्णन कीजिये। [5]

32. किशोरावस्था में आहार सम्बन्धी समस्याओं का गलत आचरण के कारणों को विस्तार से स्पष्ट कीजिये। [5]

**अथवा**

प्रबन्धन प्रक्रिया के चरणों की जानकारी दीजिये और प्रत्येक चरण को स्पष्ट कीजिये तथा एक-एक उदाहरण दीजिये। [5]

33. विकास के विभिन्न क्षेत्रों का परिचय उदाहरण सहित दीजिये। [5]

**अथवा**

पूरक आहार का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिये। [5]

34. यौवनारंभ और यौवनावस्था की संकल्पना पर चर्चा कीजिये। यौवनारंभ के दौरान लड़कियों और लड़कों में होने वाले प्रमुख शारीरिक और जैविक परिवर्तनों का विवरण दीजिये। [5]

**अथवा**

हमारे देश में वस्त्रों या वेशभूषा के चुनाव को मुख्य रूप से कौन-कौन से कारक प्रभावित करते हैं ? विस्तार से स्पष्ट कीजिये। [5]

**आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Reward पा सकते हैं**